# साहित्य मंच प्रोग्राम में चार कवियों ने किया कविता पाठ



साहित्यक मंच प्रोग्राम के दौरान कविता पाठ करते हुए कवि।

नई दिल्ली, 4 जुलाई (मिसरदीप भाटिया): साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित साहित्यक मंच के प्रोग्राम में गीता पंडित, कलोल चक्रवर्ती, संतोष पटेल व स्वाति शर्मा ने कविता पाठ किया। सबसे पहले स्वाति शर्मा ने अपनी कविताएं पेश कीं, जिनमें अक्षत, रिमाइंडर, रोटी व कविता आदि कविताएं महत्वपूर्ण थीं।

शहर के बिम्बों को पेश करतीं इन कविताओं में महिला होने की त्रासदी थी और शहरों में मां या अन्य रिश्तों के बनते-बिगड़ते चित्र भी थे। संतोष पटेल ने बिहार के पद्मश्री प्राप्त डांसर राम चंद्र माझी पर अपनी कविता की शुरुआत कर अन्य कविताएं पेश कीं-प्रेम करना इतना आसान नहीं, ऐलान, बुध उनके लिए आदि। अपने कविता पाठ का अंत उन्होंने एक सुंदर गीत की कुछ लाइनें पेश कर किया। कलोल चक्रवर्ती ने अपनी कविताओं में लड़कियों की स्थिति व महानंदा एक्सप्रैस के बहाने बिहार से आने-जाने वाले मज़दूरों पर अपनी चर्चित कविता पेश की।

उनकी अन्य कविताओं के शीर्षक थे-कुंडली, जो बोल सकते थे और गणित की क्लास में। अंत में गीता पंडित ने अपनी कविताएं पेश कीं। प्रोग्राम में मदन कश्यप, राकेश रेणु, राज कुमार गौतम, हरीसुमन बिष्ट व मृदुला प्रधान आदि लोकप्रिय लेखक उपस्थित थे।